बाबा से मिलके आएंगे | By Amit Kalra Meetu

करे नाश्ता रींगस में खाटू में खाना खाएंगे
बाबा से मिलके आएंगे, बाबा से मिलके आएंगे
एक पूरा दिन श्याम धणी की सेवा में बिताएंगे
बाबा से मिलके आएंगे, बाबा से मिलके आएंगे

लेकर एक निशान हमें पैदल पैदल जाना है
सारे रस्ते श्याम नाम का जयकारा लगवाना है
श्याम से अपने रिश्ते को हम तो मज़बूत बनाएंगे
बाबा से मिलके आएंगे, बाबा से मिलके आएंगे

तोरण द्वार पहुँच माथे से पावन धुल लगाएंगे
करके दर्शन श्याम धणी को मन की बात बताएँगे
है विश्वास हमें ये बाबा हमको भी अपनाएंगे
बाबा से मिलके आएंगे, बाबा से मिलके आएंगे

थक जायेगा जब ये तन मन भूख लगेगी मोटी रे
खाएंगे हम कढ़ी कचौड़ी दाल चूरमा रोटी रे
कहे सचिन लेकिन पहले बाबा को भोग लगाएंगे
बाबा से मिलके आएंगे, बाबा से मिलके आएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-by-amit-kalra-meetu/